



RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




VOL:01 | ISSUE:89 | THURSDAY, DATE: 14-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

# कानून-व्यवस्था बिगड़ने की वजह से थानों के सारे इंचार्ज बदल डाले

## नए पुलिस कमिश्नर ने लिया पहला बड़ा 'एक्शन'

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। नए पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने चार्ज संभालने के बाद बड़ा 'एक्शन' लिया है। उन्होंने सभी थानों के इंचार्ज एकसाथ बदल डाले। जाहिर है कि खासतौर पर शहर में ताबड़तोड़ वारदातों के बाद बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मद्देनजर सभी एसएचओ के 'ठिकाने' बदले गए। शायद नए सीपी इसी बदलाव से सुधार की उम्मीद लगा रहे हैं।

**सीएम-फार्मूला कारगर :** गौरतलब है कि इस बदलाव के चलते पांच महिला अफसरों समेत कई नए चेहरों को एसएचओ के पद हासिल हो गए हैं। सीपी का यह नजरिया हो सकता है कि नए चेहरे इस अहम पद पर ज्यादा एनर्जी से बेहतर रिजल्ट दे सकते हैं। दूसरी तरफ, जानकारों की नजर में




सिर्फ फेरबदल क्राइम-कंट्रोल करने के लिए कारगर फार्मूला नहीं है। यहां काबिलेजिक्र है कि इसके लिए 'सीएम-फार्मूला' अपनाने की जरुरत है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मद्देनजर दो-टूक चेतावनी दी थी कि पुलिस कमिश्नर व एसएसपी इस मामले में सीधेतौर पर जवाबदेह होंगे। निचले स्तर पर अगर



ऐसी ही जवाबदेही एसएचओ की तय की जाए तो जाहिर तौर पर सभी थाना इंचार्ज खुद अपनी टीम को दुरुस्त रखेंगे।

**ये बने नए एसएचओ :** सब इंस्पेक्टर रजिंदरपाल सिंह-थाना दरेसी, इंस्पेक्टर गुरमुख सिंह-जोधेवाल, इंस्पेक्टर कुलवंत सिंह-सलेम टाबरी, इंस्पेक्टर अमृतपाल सिंह-डिवीजन एक, एसआई आकाश दत्त-डिवीजन दो, एसआई जसबीर कौर-डिवीजन तीन, एसआई गुरजीत सिंह-डिवीजन 4, एसआई नीरज चौधरी-दुगरी, इंस्पेक्टर परमदीप सिंह-डेहलों, एसआई जसपाल सिंह-सदर, इंस्पेक्टर पवन कुमार-साहनेवाल एसआई मधु बाला-डिवीजन 6, इंस्पेक्टर दविंदर शर्मा-डाबा, एसआई सतीश कुमार-शिमलापुरी, एसआई अमृतपाल शर्मा-हैबोवाल, एसआई, बिक्कर सिंह-लाडोवाल, इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह-पीएयू, एसआई सुनीता कौर-सराभा नगर, एसआई विजय कुमार-डिवीजन 5, एसआई जगदीप सिंह-डिवीजन 8, एसआई वरिंदर पाल सिंह-माडल टाउन, एसआई गुरशिंदर कौर-डिवीजन 7, एसआई हरप्रीत सिंह-मेहरबान, इंस्पेक्टर रणबीर सिंह-टिब्बा, एसआई कुलदीप सिंह- फोकल प्वाइंट, एसआई दविंदर सिंह-जमालपुर, एसआई कुलबीर सिंह-कूमकलां, इंस्पेक्टर निरदेव सिंह-थाना मोती नगर और एसआई कुलजीत कौर-वुमन सैल में इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

## कम्युनिटी पुलिसिंग की जरुरत

लुधियाना में कानून व्यवस्था का बिगड़ना इसलिए खास मायने रखता है, क्योंकि यह महानगर सूबे की आर्थिक-राजधानी भी है। लिहाजा सुरक्षा के नजरिए से यह मुद्दा राज्य ही नहीं, देश की राजधानी से लेकर दूसरे देशों तक शासन-प्रशासन की छवि का प्रभावित करता है। गौरतलब है कि पंजाबी दूसरे मुल्कों में भी खासी तादाद में बसे हैं। जबकि तमाम मुल्कों के कारोबारी-डेलीगेशन यहां अकसर आते रहते हैं। जबकि इस महानगर में लाखों नौकरीपेशा, कारोबारी जिले, आसपास के जिलों और सूबों से यहां अप-डाउन करते हैं। इनमें काफी तादाद में महिलाएं-लड़कियां भी शामिल हैं। ऐसी हजारों फीमेल-वर्कर महानगर में ही पीजी में रहती हैं और नाइट ड्यूटी भी करती है। इन सब पहलुओं को ध्यान में रखें तो इस महानगर में कानून-व्यवस्था का सीधा असर समाज के विभिन्न वर्गों पर पड़ता है। जबकि जानकारों की नजर में तमाम तरह के ऐसे क्राइम हैं, जो कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिए टाले-रोके जा सकते हैं। इसी महानगर में कुछ मौको पर कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिए पुलिस ने बड़ी अपराधिक घटनाओं की योजना बनाते गैंगेस्टर से लेकर आतंकी गुटों के गुर्गे तक धर दबोचे थे। जनता की मदद से बड़ी वारदात करते अपराधी मौके पर काबू किए। एक फाइनेंस कंपनी में करोड़ों की लूट कर भागते बदमाशों को राहगीरों ने ही घेरकर काबू कराया था।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## लाडोवाल बाइपास पर बड़ा सड़क हादसा

# रेस लगाते नाबालिगों की कारें टकराते बचीं एक सड़क पर पलटी, दूसरी खेत में घुसी

### एक लड़की गंभीर जख्मी, बाकी बच्चे गाड़ी के बैलून खुलने से बचे, कारोबारी फेमली से

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। वीरवार की सुबह जीटी रोड पर लाडोवाल बाइपास स्थित मलकपुर बेट गांव के नजदीक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही दो कारें आपस में टकराने लगीं तो बचने के चक्कर में एक बेकाबू कार तो हाइवे पर ही पलट गई। जबकि दूसरी गाड़ी तो हाइवे से उतरकर काफी दूर तक खेतों में चलने के बाद क्षतिग्रस्त होकर रुक गई। गाड़ियों की हालत देखकर साफ अंदाजा लग रहा था कि दोनों गाड़िया ओवरस्पीड थीं। सड़क पर एक पलटी खाने के बाद क्रेटा गाड़ी के पहिए ऊपर हो जाने की वजह से वह थोड़ी घिसटकर रुक गई। जबकि खेतों में जा घुसी फार्चूनर का एक दरवाजा टूट गया और वह बहुत दूर जाकर कटी फसल के कारण घिसटती हुई रुकी। यह तो शुक्र रहा कि दोनों ही गाड़ियों के बैलून खुल जाने से उसमें बैठे नाबालिग बच्चों का बचाव हो



● हाईवे पर पलटी खाकर क्षतिग्रस्त क्रेटा गाड़ी



● खेतों में जा घुसी फार्चूनर कार की हालत ऐसी हो गई।

गया। हादसे के फौरन बाद मौके पर आए एक ग्रामीण ने घटनास्थल का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिसमें उसने बताया कि थोड़े वक्त पहले ही यह हादसा मलकपुर बेट गांव के सामने हाइवे पर हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों गाड़ियों में नाबालिग बच्चे सवार थे, जो शायद आपस में रेस लगा रहे थे। जब ओवरस्पीड गाड़ियां आपस में टकराने लगीं तो बचने के लिए उनको चलाने वालों ने तेजी से स्टेयरिंग घुमाए तो दोनों गाड़ी बेकाबू हो गई। वीडियो बनाने वाले के मुताबिक गाड़ी में सवार गंभीर घायल एक लड़की के साथ बाकी मामूली जख्मी बच्चों को किसी अस्पताल भेज दिया गया। साथ ही उस शख्स ने वीडियो में दोनों गाड़ियों के नंबर बतो हुए पब्लिक से अपील भी की कि इन बच्चों के परिजनों तक यह खबर पहुंचा दी जाए। वैसे, पुलिस द्वारा मामले की तफ्तीश के बाद ही इस मामले की हकीकत सामने आ सकेगी। वीडियो वायरल होने के बाद इस हादसे को लेकर शहर में चर्चाएं जारी हैं। जिसके मुताबिक गाड़ियों में सवार बच्चे कारोबारी घरानों से बताए जा रहे हैं।

## शुक्रवार को बिजली बंद रहेगी

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। महानगर में पीएसपीसीएल की ओर से जारी 11 केवी फीडरों के मरम्मत अभियान की वजह से कल 15 अप्रैल शुक्रवार को कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिसके चलते सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में गुरु नानक स्ट्रीट, माया सोप स्ट्रीट, अंगद स्ट्रीट, आईटीआई कॉलेज गिल रोड के सामने एसबीआई बैंक स्ट्रीट, लैपरान पेंट स्ट्रीट से सटे क्षेत्र शामिल रहेंगे।

# सद्भाव : महावीर जयंती, बैसाखी और अंबेडकर जयंती श्रद्धा से मनीं

## धार्मिक-सामाजिक समागम कराए



● भगवान महावीर जयंती पर श्री एसएस जैन सभा हैबोवाल एवं श्री महावीर जैन युवक मंडल हैबोवाल की तरफ से लंगर लगाया गया।



● ऐतिहासिक गुरुद्वारा गऊघाट के सरोवर में स्नान करती संगत



● नमन ! अंबेडकर जयंती पर मिनी सेक्रेटेरिएट में रखे सरकारी समागम के दौरान डीसी सुरभि मलिक संविधान निर्माता डॉ.बीआर अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। वीरवार का दिन कई कारणों से महत्वपूर्ण रहा। महावीर जयंती, बैसाखी-खालसा पंथ के सृजना दिवस और अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर महानगर में तमाम धार्मिक व सामाजिक समागम हुए। सभी गुरुद्वारों में बैसाखी पर कीर्तन, अरदास के अलावा संगत ने सरोवरों में स्नान कर लंगर छका। दूसरी ओर भगवान महावीर के जयंती पर्व पर सभी जैन स्थानकों में धार्मिक समारोह रखे गए। इसी तरह, अंबेडकर जयंती पर सरकारी व गैर-सरकारी समारोह रखे गए। इन तीनों पावन अवसरों के चलते शहरभर में लंगर लगाए गए, रक्तदान व मेडिकल कैंप लगे और धार्मिक स्थलों के अलावा घरों में विशेष सजावट की गई।

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

II महावीर जयंती II




के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ

Kuntal Raj Jain
Director

Komal Kumar Jain
Chairman Duke Group

DUKE
TRULY INDIAN SINCE 1966

Duke Fashions (INDIA) Limited, G.T. Road West, Ludhiana
www.dukeindia.com /

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# अंबेडकर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। आज कांग्रेस पार्टी हलका दक्षिणी के समूह अहेदारें की तरफ से बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर जी का जन्म दिवस वीर एकलव्य यूथ फेडरेशन के प्रधान राहुल डुलगच का नेतृत्व में मनाया गया। इस मौके उपस्थित समूह नेताओं ने बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की तस्वीर को श्रद्धा के फूल भेंट किये गए और उन को याद किया गया। इस मौके पर आपने संबोधन में राहुल डुलगच ने कहा कि बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडर जी ने अनेकों संघर्षों का सामने करते हुए, विदेशों से उच्च शिक्षा हासिल करते हुए दुनिया के सब से मज़बूत और शक्तिशाली संविधान की रचना की जिस के साथ कि उन्हों ने सदियों से ग़ुलामी की जंजीरों में जकड़े दलित समाज को आज़ाद कराया और भारत देश के सभी व्यक्तियों को समानता के अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के जनमदाता हैं, जिन्होंने कि आर बी आई की स्थापना की और औरतें को इस देश में मर्दों के बराबर अधिकार ले कर दिए। उन्होंने कहा कि डा. अम्बेडकर जी को सच्ची श्रद्धाँजलि यही होगी कि हम उन दे दिए हुए मिशन पढ़ो, जुड़ो और संघर्ष को अपने जीवन में लागू करें और अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करें जिससे वह चट्टान लिख कर अच्छे नागरिक बन सकें। इस मौके टी थी यह बच्चा, गुरराज चीमा, जसविन्दर सिंह, अनमोल दत्ता, हरीश गोगना, गौतम शर्मा, नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# बदला मौसम, धूलभरी आंधी चली कई जगह हो गई बारिश, बूंदाबंदी



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। आखिरकार मौसम ने वीरवार दोपहर बाद अचानक करवट बदली, पहले छिटपुट और फिर काले घने बादल छाए। जिसके बाद जिले के कई इलाकों में धूलभरी आंधी चलने लगी। मालेरकोटला, फिर उससे लगते जिले के कई देहात इलाकों में बारिश हुई। महानगर में भी दिन ढलने से पहले ही काले घने बादलों ने सूरज को ढंका तो अंधेरा छा गया। इसके बाद शहरभर में तेज आंधी चलने के साथ पहले बूंदाबंदी हुई। फिर कई इलाकों में अच्छी-खासी बारिश होने लगी।

जिसकी वजह से तापमान में गिरावट आने पर पारा 34 डिग्री सेलसियस तक गिर गया। जिसकी वजह से एक तरफ धूलभरी आंधी से आफत रही तो दूसरी ओर बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरुर मिल गई।

# गुरद्वारा साहिब करमसर में बैसाखी के पावन दिवस पर बने नए हाल का हुआ उदघाटन

लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। वैसाखी के पावन एतिहासिक पावन दिवस पर हलका आत्म नगर में गुरद्वारा साहिब कर्मसर में नए बने हाल का उदघाटन श्री गुरू ग्ंरथ साहिब जी का प्रकाश करके किया गया। इस अवसर पर काबुल सिंह सगू रकबा, रेशम सिंह सगू के परिवार ने श्री अखंड पाठ साहिब की सेवा करवाई। बाबा बंदा सिंह बहादुर अंतर्राष्ट्रीय फाऊडेंशन के प्रधान कृष्ण कुमार बावा ने कहा कि आज के पावन दिवस पर गुरद्वारा साहिब की नई बिलडिंग का निर्माण कर्मजीत सिंह गिल प्रधान गुरद्वारा कमेटी की सरप्रस्ती व संगतों के सहयोग से हुआ। उसकी सुंदरता अलग है। बावा ने कहा कि आज का पावन दिवस समूचे विश्व में खुशियां सांझीं करके मनाया जाता है। इस दिन दसवें पिता श्री गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ की सिर्जना करके सिख कौम के जोंधों को



खालसे का रूप दिया। इस अवसर पर सरपंच सगू, पाल सिंह मठाडू, सुखविंदर सिंह जगदेव और बलविंदर सिंह गोरा आदि भी उपस्थित थें।

# जीजीएनआईएमटी की टीम ने स्पेशल बच्चों के साथ मनाई बैसाखी

लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। गुजरांवाला गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (जीजीएनआईएमटी), सिविल लाइंस के रोटरैक्ट क्लब ने वीरवार को जीजीएनआईएमटी परिसर में एक प्रयास के विशेष बच्चों के साथ बैसाखी मनाई। कार्यक्रम के दौरान जीजीएनआईएमटी और एक प्रयास दोनों के छात्रों ने मजेदार गेम खेलकर, गायन और नृत्य करके खुशी और उत्साह के साथ सहयोग किया। एक प्रयास के संकाय सदस्यों ने विशेष बच्चों को प्रेरित करके और विशेष छात्रों के लिए कौशल को संभालने पर GGNIMTians को प्रशिक्षण देकर दोनों संस्थानों के छात्रों के बीच तलमेल में मदद की। जीजीएनआईएमटी के निदेशक प्रो. मंजीत सिंह छाबड़ा ने विशेष बच्चों के बारे में समाज में गलत धारणाओं के बारे में बात की, जिसके कारण उन्हें या तो उपेक्षित किया जा



सकता है या उनके साथ दया का व्यवहार किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन अंतरालों को तभी पाट दिया जाएगा जब स्कूल और कॉलेज के छात्र आगे आएंगे और ऐसे छात्रों की विशेष जरूरतों को करुणा, सहानुभूति और समान रूप से संबोधित करने की जिम्मेदारी लेंगे।

एक प्रयास की अध्यक्ष समीरा बेक्टर ने जीजीएनआईएमटी के रोटारैक्ट क्लब की पहल की सराहना की और आशा व्यक्त की कि अन्य क्लब, संस्थान और युवा इस पहल का अनुकरण केवल आउट ऑफ बॉक्स के रूप में करेंगे, सक्रिय प्रयास विशेष बच्चों को वह विशेष स्थान देंगे जिसके वे हकदार हैं। दिमाग और दिल। प्रो. प्रिया अरोड़ा, फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर ने आशा व्यक्त की कि विशेष बच्चों ने बातचीत का आनंद लिया, क्योंकि उनके लिए यह वास्तव में एक रेचन अनुभव था, और दोनों संस्थानों के युवाओं द्वारा व्यक्त की गई खुशी, विस्मय और जीत-जीत का मिश्रण था।

# लुधियाना गिल रोड पर आईबेंट एनर्जी का खुला पहला शोरूम

## एक ही छत के नीचे ग्राहकों को मिलेंगे कई सारी रेंज में ई-व्हीकल



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए बैटरी संचालित वाहनों की मांग दिन पर दिन बढ़ रही है, जिसे लेकर लुधियाना के गिल रोड पर आईबेंट एनर्जी के पहले शोरूम का आज वैशाखी, भगवान महावीर जयंती और डॉ बी.आर अंबेडकर के जन्मदिवस शुभ अवसर हवन यज्ञ के बाद उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लुधियाना ट्रैक्टर पार्ट्स एंड ट्रेंड्स एसोसिएशन के प्रधान विजय दादू और ईस्टमैन ग्रुप के प्रमुख विनय सिंगल खास तौर पर पहुंच, जिनका आईबेंट एनर्जी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिव जैन और उनकी पत्नी रंजना जैन द्वारा स्वागत किया गया। पत्रकारों से बातचीत में शिव जैन ने बताया कि शोरूम में ग्राहकों को कई तरह की रेंज में बैटरी संचालित दो पहिया वाहन मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि पेट्रोल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और प्रदूषण की समस्या से ई-व्हीकल ही लोग को राहत दिला सकते हैं।

# अम्बेडकर साहब के जन्मदिवस के मौके पर विशाल रैली का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (रजि.) भावाधस-भारत की स्थानीय शाखा लुधियाना द्वारा वीर शिरोमणी कर्मयोगी अशवनी सहोता, राष्ट्रीय सर्वोच्च निर्देशक, भावाधस (रजि.) भारत की अगवाई में विश्व रत्न, भारतीय संविधान के निर्माता, महा-मानव, युगपुरुष, भारतीयों के मसीहा बाबा साहिब डा. भीम राव अम्बेडकर जी के 131वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पिंडी दयाल धर्मशाला (कपूर टैंट हाऊस) कैलाश सिनेमा चौक, लुधियाना से 'विशाल सक्टूर-मोटरसाईकल रैली' का आयोजन किया गया।

# नटखट स्टेप्स क्लब ऋषि नगर की ओर से बैसाखी का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया

लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। नटखट स्टेप्स क्लब ऋषि नगर की ओर से बैसाखी का त्यौहार बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें क्लब डायरेक्टर भारती सचदेवा ने बताया कि बच्चे पंजाबी सभ्यता को भूलते जा रहे है और विदेशी त्योहारों की तरफ आकर्षित होते जा रहे है, बच्चों को पंजाबी परंपरा से जोड़ने के लिए 'हमने चल मेले नू चलिए' थीम पर बैसाखी का कार्यकम रखा। जिसमें बच्चे गुब्बारे




वाला, चुड़ी वाला, झूले वाला, जादूगर, किसान, जट्ट, जटी वाला बनकर आए बच्चों ने गिद्धा भाखड़ा कर ढोल की थाप पर खूब आनंद लिया। इस समारोह में चाकलेट मेकर दिवया जैन ने सभी बच्चों को चाकलेट बाकस दिए।

# अन्न जल सेवा ट्रस्ट द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में लंगर लगाया गया




लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। भगवान महावीर जयंती के उपलक्षय में आज अन्न जल सेवा ट्रस्ट के प्रांगण में गरीब जरूरतमंदों व स्थानिय सिवल हस्पताल में दाखिल मरीजों को भोजन वितरित कर के मनाया गया। ट्रस्ट की अध्यक्ष डा. सीमा जैन व उषा सरोए ने आज महावीर जयंती पर उन्के संदेशों से अवगत कराते हुये बताया कि हर प्राणी मात्र के लिये दया भाव रखना चाहिये व हमें महावीर स्वामी के दर्शाये मार्ग पर चलकर लोगों को मानवता की सेवा के लिये प्रेरित करना चाहिये। अन्न जल सेवा ट्रस्ट जो की सिवल हस्पताल लुधियाना में दाखिल मरीजों व उनके रिश्तेदारों को पिछ्ले लम्बे समय से रोज़ाना मुफ्त भोजन, चाय, दूध उप्लब्ध करवा रही है, वहीं हस्पताल में पीने के पानी की किल्लत को देखते हुये ठन्डे पानी की व्यव्स्था हेतू वाटर कूलर लगवाया गया।

# पैदल मार्च का आयोजन कर युगप्रर्वतक बाबा साहिब अंबेडकर जी को 131वें जन्म दिवस पर किया नमन

## शिक्षा के बिना संभव नहीं बाबा साहब के सपनों का भारतः मुकेश/हांड़ा



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। युगप्रर्वतक बाबा साहिब अंबेदकर जी के 131वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पैदल मार्च का आयोजन रवि अटवाल, राजू सभ्रवाल व सोनू सिद्धू की अध्यक्षता में किया गया। स्थानीय डिविजन नंबर-3 से आरम्भ हुआ पैदल मार्च चौड़ी सडक़, घास मंडी, चौड़ा बाजार, गिरिजा घर चौंक के रास्ते घंटा घर होते हुए जालंधर बाईपास चौंक स्थित डा. अंबेडकर जी की प्रतिमा को फूल मालाएं अर्पित कर संपन हुआ। पंजाब यूथ कांग्रेस के इंचार्ज मुकेश कुमार और जिला यूथ कांग्रेस लुधियाना (शहरी) के अध्यक्ष योगेश हांडा विशेष तौर पर मार्च में शामिल हुए।

## जन्मदिन मुबारक



रतन लाल

## मैरिज एनिवर्सरी



रमित किशोर व अदिति अग्निहोत्री



जसदीप नलवा व टीना नलवा

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance
bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 – 3
M: 98142-95372

# पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो का भव्य उद्घाटन, खरीदारी को उमड़े लोग

## सरकारी गर्ल्स कॉलेज के ग्राउंड में 18 अप्रैल तक चलेगी एक्सपो, लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के 150 स्टॉल













लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। पांच दिवसीय शोमैन ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो महानगर में फिरोजपुर रोड पर श्री दुर्गा माता मंदिर के पास सरकारी गर्ल्स कॉलेज के मैदान में वीरवार शुरु हो गई। जिसमें भव्य उद्घाटन समागम में लुधियाना वैस्ट हल्के के विधायक गुरप्रीत गोगी खास मेहमान रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना-संकट से उबरने के बाद ऐसी महा-प्रदर्शनी जनता के लिए खुशी का एक बड़ा अवसर है। औद्योगिक नगरी में तमाम राज्यों-देशों के रहने वाले लोगों के लिए इस एक्सपो में 18 फरवरी यानि पांच दिन मनपसंद खरीदारी का सुनहरा मौका मिलेगा। सबकी जरुरतों को पूरा करने वाले लेटेस्ट प्रोडक्ट्स के 150 स्टॉल्स लगे होने के साथ ही यहां किफायती दामों में अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मिलना महंगाई के इस दौर में बड़ी राहत वाली सराहनीय पहल है। विधायक गोगी ने इस मौके पर खास ऐलान किया कि वह जल्द ही पंजाब की आप सरकार से इस इंडस्ट्रियल सिटी में एक बड़ा एग्जीबिशन सेंटर बनवाने का प्रयास करेंगे। वहीं शोमैन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ध्रुवनेश शर्मा ने कहा कि 26 वर्षों के अनुभव के साथ प्रदर्शनियों के आयोजन के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ लिमिटेड और लाइफस्टाइल के 253 शो पेश कर चुका का है। इस एक्सपो में चौथे संस्करण की शुरुआत की गई है। शोमैन एसोसिएट्स अपने सिल्वर जुबली अनुभव के साथ नवीनतम उत्पादों के साथ प्रदर्शनी लगाते हैं। कंपनी के प्रमुख व प्रदर्शनी के आयोजक सतीश शर्मा शोमैन की टीम पूरी तत्परता से इसे सफल बनाने का संकल्प लेकर एकजुटता दर्शा रही है। उल्लेखनीय है कि इस एक्सपो में बांस से बने बर्तन यानि बैंबो-क्राकरी के अलावा ड्राई फ्रूट की रेंज खरीदारों के आकर्षण का खास केंद्र बनी हैं। -फोटोः मुनीश वशिष्ठ

# ट्विटर खरीदना चाहते हैं एलन मस्क

## माइक्रो ब्लॉगिंग साइट को 3.2 लाख करोड़ रुपए में खरीदने का ऑफर



वॉशिंगटन। टेस्ला के फाउंडर एलन मस्क ने 43 अरब डॉलर (करीब 3.2 लाख करोड़ रुपए) में ट्विटर इंक को खरीदने का ऑफर दिया है। इसके लिए मस्क 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से कैश पेमेंट को तैयार है। जब मस्क ने ट्विटर के शेयर खरीदना शुरू किया था उसकी तुलना में ये भाव 54% प्रीमियम पर है। मस्क ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के साथ फाइलिंग में इस प्रस्ताव की जानकारी दी। एलन मस्क ने कहा, 'मैंने ट्विटर में निवेश किया क्योंकि मुझे विश्वास है कि इसमें दुनिया भर में फ्री स्पीच का प्लेटफॉर्म बनने की क्षमता है, और मेरा मानना है कि फ्री स्पीच एक फंक्शनिंग डेमोक्रेसी के लिए सामाजिक अनिवार्यता है। हालांकि, अपने निवेश के बाद से अब मुझे एहसास हुआ है कि वर्तमान स्वरूप में कंपनी न तो पनपेगी और न ही इस सामाजिक अनिवार्यता को पूरा करेगी। ट्विटर को एक प्राइवेट कंपनी के रूप में बदलने की जरूरत है। इस वजह से मैं ट्विटर में निवेश शुरू करने से एक दिन पहले के भाव से 54% प्रीमियम पर 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 100% हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश कर रहा हूं। वहीं ये मेरे निवेश की सार्वजनिक घोषणा से एक दिन पहले की तुलना में 38% का प्रीमियम है। मेरा प्रस्ताव मेरा सबसे अच्छा और अंतिम प्रस्ताव है और यदि इसे स्वीकार नहीं किया जाता है, तो मुझे एक शेयरधारक के रूप में अपनी स्थिति पर पुनर्विचार करने की जरूरत होगी। ट्विटर में असाधारण क्षमता है। मैं इसे अनलॉक कर दूंगा।'

# सीएनजी महंगी करने को लेकर 18 अप्रैल से दिल्ली में हड़ताल करेंगे ऑटो-टैक्सी ड्राइवर



नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ ऑटो, टैक्सी और कैब चालकों की एसोसिएशन ने हड़ताल की धमकी दी है। एसोसिएशन ने कहा कि दिल्ली में 18 अप्रैल से ईंधन की कीमतें बढ़ाने के खिलाफ हड़ताल की जाएगी। इससे पहले 11 अप्रैल को दिल्ली सेक्रेटेरिएट पर ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया था। उस दिन उन्होंने गैस की कीमतों में सब्सिडी देने की मांग की थी। यह प्रदर्शन दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के बैनर तले हुआ था। दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा कि यह प्रोटेस्ट केंद्र और दिल्ली सरकार की नीतियों के खिलाफ जारी रहेगा और वे 18 अप्रैल से हड़ताल पर जा रहे हैं। सोनी ने कहा कि ईंधन की कीमतों में अचानक इतनी बढ़ोतरी करने से उनका बिजनेस प्रभावित हो रहा है। हर रोज सीएनजी के दाम बढ़ रहे हैं और हम सरकार से मांग करते हैं कि सीएनजी पर 35 रुपये प्रति किलो की सब्सिडी दी जाए। सोनी ने आरोप लगाया कि बीते सात साल में दिल्ली सरकार ने ऑटो रिक्शा एसोसिएशन के सदस्यों के साथ कोई बैठक नहीं की। हमने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस बारे में लिखा लेकिन उनके दफ्तर से कोई जवाब नहीं आया। अब इन समस्याओं के हल के लिए हम और किसके पास जाएं। न ही मुक्यमंत्री और न दूसरा नेता हमसे बातचीत के लिए तैयार है। सर्वोदय ड्राइवर्स वेल्फेयर एसोसिएशन के अद्यक्ष रवि राठौर ने कहा कि सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से हमारा कारोबार प्रभावित हो रहा है। हमने 8 और 11 अप्रैल को प्रदर्शन किया था। फिर भी सरकार चुप है और हमें बातचीत के लिए नहीं बुलाया। अब 18 अप्रैल को हम चक्का जाम करेंगे।

# आईफोन 14 सीरीज की कीमतें लीक

नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। एपल सितंबर में आईफोन 14 सीरीज लॉन्च करने वाला है। लेकिन इससे पहले ही इसकी कीमतें लीक होने की खबर हैं। एपल लीक्स प्रो का दावा है कि आईफोन 13 सीरीज के मुकाबले आईफोन 14 सीरीज महंगी होगी। दावा है कि आईफोन 14 के 4 वैरिएंट्स लॉन्च किए करेगा। इनमें आईफोन 14, आईफोन 14 मैक्स, आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मैक्स शामिल हैं। इस बार आईफोन मिनी वैरिएंट लॉन्च नहीं किया जाएगा। लीक्ड कीमतों की बात करें तो आईफोन 14 की कीमत 799 डॉलर (करीब 60,000 रुपए) से शुरू होगी। बता दें कि ये लीक्ड प्राइस अमेरिकी बाजार के हिसाब से हैं, भारत में आम तौर पर करीब 5 से 10 हजार रुपए ज्यादा में लॉन्च किए जाते हैं। आईफोन 13 मिनी की जगह कंपनी आईफोन 14 मैक्स को प्लेस कर सकती है और इसकी कीमत 899 डॉलर (करीब 76,000 रुपए) होगी।

# आईआरसीटीसी अब टिकट बुकिंग में नहीं मांगेगी यात्री का पता



नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। इंडियन ने टिकट बुकिंग के दौरान यात्रियों को बड़ी सहूलियत दी है। आने वाले दिनों में यात्रियों को टिकट बुकिंग के दौरान अपना पता नहीं भरना होगा। रेलवे बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से इस जानकारी के मांगे जाने पर रोक लगा दी है। बोर्ड ने कहा है कि सभी जोनल रेलवेज इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करें। अब आईआरसीटीसी साफ्टवेयर में बदलाव करेगी।

रेलवे बोर्ड के आदेश के मुताबिक जोनल रेलवेज ने टिकट बुकिंग के दौरान पैसेंजर का पता दर्ज करने के आदेश पर सफाई मांगी थी। उनका कहना था कि अब Covid containment measure खत्म हो चुके हैं तो क्या ऐसे में यात्रियों से अब भी घर का पता दर्ज करने के लिए कहना होगा। इस पर बोर्ड ने इस व्यवस्था में तत्काल प्रभाव से बदलाव का आदेश दिया। बोर्ड ने कहा कि गृह मंत्रालय से बातचीत के बाद तय हुआ है कि इस व्यवस्थाको खत्म कर दिया जाए। रेलवे बोर्ड ने बताया कि इस बाबत गृह मंत्रालय से राय ली गई थी। गृह मंत्रालय ने जवाब में कहा कि 31 मार्च 2022 के बाद कोई भी Covid Containment उपाय लागू नहीं रहेगा। इसलिए फैसला लिया गया है कि अब यात्रियों से रिजर्वेशन के दौरान उनके पते को दर्ज करने को नहीं कहा जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर में भी बदलाव किया जाएगा।

# भारत जल्द बनेगा 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी : वित्त मंत्रालय




नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। बजट 2022 में कैपेक्स पर फोकस से मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि टैक्स रेवेन्यू कलेक्शन बढ़ने से भारत 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। बता दें कि बीते कारोबारी साल में टैक्स रेवेन्यू 34 फीसद बढ़कर 27.07 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वित्त मंत्रालय ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उसके मुताबिक यह Covid 19 के झटके से इकोनॉमी में तेज रिकवरी को प्रदर्शित करता है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार के भारत को global economic powerhouse बनाने और इसके लिए उपाय करने से देश की GDP ग्रोथ में हाल के वर्षों में तेजी दिखी है।

# होंडा सिटी की हाइब्रिड कार हुई लांच



नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। होंडा सिटी हाइब्रिड कार से पर्दा उठ चुका है। ये पेट्रोल कार, इलेक्ट्रिक कार और हाइब्रिड कार तीनों तरह से चलाई जा सकती है। कंपनी ने इसमें कई ऐसे फीचर दिए हैं जो इसे सबसे जबरदस्त सेडान कार बनाते हैं, वहीं इसका माइलेज भी 26.5 km/l है। साथ ही कार की टॉप स्पीड 176 किमी प्रति घंटा है। इस कार को पेट्रोल कार की तरह तो चलाया ही जा सकता है, साथ ही ये पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार की तरह भी चल सकती है और हाइब्रिड मोड में यानी पेट्रोल और इलेक्ट्रिक पर साथ-साथ भी चल सकती है। होंडा की इस कार में इलेक्ट्रिक इंजन के साथ दो इलेक्ट्रिक मोटर दी गई हैं। इसलिए ये कार पूरी तरह से इलेक्ट्रिक मोड में भी चल सकती है। इस स्थिति में ट्रैक्शन मोटर से कार के पहिए रफ्तार भरते हैं और इंजन स्टॉप हो जाता है। हाइब्रिड मोड पर कार का पेट्रोल इंजन एक इलेक्ट्रिक जेनरेटर की तरह काम करने लगता है। इस कार में सेल्फ-चार्जिंग वाली दो इलेक्ट्रिक मोटर, 1.5-लीटर का एटकिंसन-साइकिल पेट्रोल इंजन, एडवांस लीथियम-आयन बैटरी के साथ इंटेलिजेंस पावर यूनिट (IPU) है जो एक इंजन लिंक्ड डायरेक्ट कपलिंग क्लच से जुड़ी है। कार में मौजूद हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम 126 PS की मैक्स पॉवर और 253 Nm का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसमें चारों पहियों पर डिस्क ब्रेक के साथ एक एडवांस इलेक्ट्रिक सर्वो ब्रेक सिस्टम भी दिया गया है। ये बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी देता है और कार में मौजूद लिथियम आयन बैटरी को चार्ज करने में भी मदद करता है। होंडा सिटी हाइब्रिड 26.5 किमी प्रति लीटर का माइलेज देगी। ये देश की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली कार मारुति सिलेरियो के लगभग बराबर है। सिलेरियो 26.68 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। कंपनी ने अभी इस कार से सिर्फ पर्दा उठाया है। जबकि मई 2022 में इसकी ऑफिशियल लॉन्चिंग होगी। अभी कंपनी ने 21,000 रुपए में इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। इसमें होंडा की होंडा सेंसिंग टेक्नोलॉजी होगी। इसमें होंडा की खुद की डेवेलप की गई ADAS फीचर मिलेगा।

# शुक्रवार को लॉन्च होगा इनफीनिक्स हॉट 11 2022

नई दिल्ली / यूटर्न / 14 अप्रैल। इनफीनिक्स का अपकमिंग स्मार्टफोन इनफीनिक्स हॉट 11 2022 इस साल की शुरुआत से ही काफी चर्चा में है। फोन की लॉन्च डेट को लेकर काफी कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, अब कंपनी ने इनफीनिक्स हॉट 11 2022 की लॉन्च डेट को कन्फर्म कर दिया है। फ्लिपकार्ट पर लाइव पेज के मुताबिक कंपनी का यह फोन भारत में कल यानी 15 अप्रैल को एंट्री करने वाला है। फोन में कंपनी दमदार बैटरी और डिस्प्ले के साथ कई जबर्दस्त फीचर देने वाली है। फ्लिपकार्ट पर लाइव लैंडिंग पेज के मुताबिक फोन में कंपनी कई बेस्ट-इन-क्लास फीचर ऑफर करने वाली है। इनफीनिक्स के इस फोन में आपको 550 निट्स की पीक ब्राइटनेस और HD+ रेजॉलूशन वाला 6.7 इंच का पंच-होल डिस्प्ले देखने को मिलेगा। इस डिस्प्ले का स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो 89.5% का होगा। फोन में कंपनी 5000mAh की बैटरी देने वाली है और यह USB चार्जिंग पोर्ट के साथ आएगा। बायोमेट्रिक सिक्योरिटी के लिए फोन में साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है। फोन के रियर में स्क्वेयर शेप कैमरा मॉड्यूल मौजूद है। इसमें दो कैमरे और एक LED फ्लैश मौजूद है। लीक रिपोर्ट्स की मानें तो कंपनी इस फोन को 4GB रैम और 128GB तक के इंटरनल स्टोरेज में लॉन्च कर सकती है।

यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# महावीर जयंतीः सिद्धी की ओर ले जाने वाला मार्ग कहलाता है तीरथ





पीयूष कांत जैन
अधिवक्ता पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता, पंजाब)

महावीर जयंती दुनिया भर में जैनियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सिद्धि की ओर ले जाने वाले मार्ग को तीरथ कहते हैं, और जो स्वयं उस परम अवस्था में पहुँच जाते हैं और दूसरों को मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं, वे तीर्थंकर कहलाते हैं। दूसरे शब्दों में 'तीर्थंकर' का अर्थ है जो ॠप्रबुद्धॠ है। भगवान महावीर स्वामी का जन्म 599 ईसा पूर्व में हुआ था। उसका नाम वर्धमान रखा गया। वह जैन धर्म के मुख्य प्रचारक हैं और अहिंसा, सत्यता, शुद्धता, चोरी न करने और सादा जीवन के गुणों को विकसित करने के लिए मानवता में सुधार लाए। उन्होंने लोगों को त्याग और त्याग करने का उपदेश दिया। इनमें पहला ज्ञान-दान यानि ज्ञान के शब्दों का प्रसार के रूप में हो सकते हैं। दूसरा अभय दान यानि बुराई से अच्छाई की रक्षा करना, तीसरा औषद-दान यानि चिकित्सा सहायता उधार देना है। इसी प्रकार पांचवा आहार-दान यानि भूखों को खाना खिलाना है। भगवान महावीर का जन्म वैशाली के एक शाही परिवार में हुआ था, जो बिहार में एक संपत्ति है। 30 वर्ष की छोटी उम्र में, उन्होंने आध्यात्मिक जागृति की खोज में अपना घर छोड़ दिया और सभी प्रकार के भौतिकवाद को त्याग दिया, और संन्यास को अपनाया। उन्होंने साढ़े बारह वर्षों तक गहन ध्यान और कठोर तपस्या की, और 'केवल ज्ञान' प्राप्त किया, जिसका अर्थ है कि जो सर्वज्ञ है और पूर्ण ज्ञान रखता है। 'केवल ज्ञान' सभी आत्माओं का एक आंतरिक गुण है। अगले 30 वर्षों के लिए, भगवान महावीर स्वामी ने पूरे दक्षिण एशिया की यात्रा की और 'अहिंसा' (सभी प्रकार के जीवों को अहिंसा और गैर-चोट) के दर्शन का प्रचार किया; 'सत्य' (सत्य); अस्तेय' (चोरी न करना); 'ब्रह्मचर्य' (शुद्धता); और 'अपरिग्रह' (गैर-लगाव)। उन्होंने अनेकांतवाद का भी प्रचार किया। अनेकांतवाद (कई पक्षीय वास्तविकता) कहता है कि परम सत्य और वास्तविकता जटिल है और इसके कई पहलू हैं। इसका अर्थ गैर निरपेक्षता, 'बौद्धिक अहिंसा', धार्मिक बहुलवाद के साथ-साथ कट्टरता की अस्वीकृति के रूप में भी किया गया है जो सामूहिक हिंसा और आतंकवादी हमलों की ओर ले जाता है। आधुनिक संशोधनवाद ने अनेकान्तवाद को धार्मिक सहिष्णुता के साथ पुनर्व्याख्या करने का प्रयास किया है। खुले दिमाग और बहुलवाद। भगवान महावीर ने 72 वर्ष की आयु में 'मोक्ष' (जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति) प्राप्त की। उनका दर्शन जैन धर्म बन गया, जो मानता है कि आत्मा में अपनी शुद्धि और पूर्वोक्त गुणों के अभ्यास से भगवान बनने की अंतर्निहित शक्ति है। आत्मा परम आत्मा के रूप में रूपांतरित हो सकती है। उन्होंने उपदेश दिया कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र पूरी तरह से स्वयं की मुक्ति प्राप्त करने में मदद करेंगे। आध्यात्मिक उन्नति के मामलों में, जिसकी कल्पना महावीर ने की थी, स्त्री और पुरुष दोनों समान स्तर पर हैं। त्याग और मुक्ति के लालच ने महिलाओं को भी आकर्षित किया। चूंकि महावीर जयंती को विशेष माना जाता है, इसलिए समुदाय के लोग समाज को वापस देने और अच्छा करने के प्रयास में कई धर्मार्थ कार्यों में शामिल होते हैं। आइए हम सभी भगवान महावीर द्वारा बताए गए गुणों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करें और सार्वभौमिक भाईचारे की भलाई के लिए अच्छे इंसान बनें। यह महावीर जयंती का सच्चा उत्सव होगा और इस दिन को और अधिक महत्वपूर्ण बना देगा।

## मानव सेवा और जीव दया को समर्पित रहा महावीर जन्मोत्सव



लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। वीरवार महावीर जयंती के अवसर पर आल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कान्फ्रेंस (युवा शाखा) और महिला शाखा पंजाब जोन -2 की मीटिंग जैन स्थानक सिविल लाईन में हुई जिसमें पदाधिकारियों ने बताया कि श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक दिवस को पूरे सप्ताहिक रूप मानव सेवा और जीव दया और सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया है। मीटिंग के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव जैन व मंत्री राकेश जैन लकी ने बताया कि पूरे सप्ताह में 12 अप्रैल को गूंगे बहरे बच्चों के स्कूल में लगभग 130 बच्चो को उनके मनपसंद खाने की वस्तु, दूध और खीर बांटी गई। वहीं 13 अप्रैल को रैड क्रास में लगभग 30 से 40 बच्चो को फल और दूध या जूस सेवा की गई। महावीर जयंती के दिन सुबह 6 बजे से ही प्राचीन गऊशाला नजदीक डिवीजन नं. 3 जीव दया के रूप में पक्षियों को दाना, भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक मीटिंग हुई। राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजन जैन (के. पी) और प्रांतीय अध्यक्ष अरूण जैन (गुगु) ने बताया कि शाम 4 बजे एक जोत नामक एक अपाहिज बच्चो के स्कूल में 70 बच्चों को फल खीर और दूध एवं जूस सेवा की गई। वहीं विभिन्न श्रद्धालुओं के द्वारा 10-10 रोटी के योगदान से एकत्रित 2700 से ज्यादा रोटियों को दंडी स्वामी गौशाला हम्बड़ा रोड पर शाम 5 बजे गायों को खिलाया गया। कई सदस्यों की तरफ से खाना कुछ की तरफ से फल कुछ की तरफ से दूध और जूस कुछ सदस्यों की तरफ से पक्षीयों के लिए दाना की सेवा की गई। उन्होंने कहा कि इस पूरी मुहिम में लोगों व जनमानस का दर्द देखते हुए जैन समुदाय यह प्रयास करेगा कि हर महीने में एक बार जरूरतमंद को मानव सेवा और जीव दया स्वरूप मनाया जाए।

## श्री शलिग राम जैन पब्लिक सी. सैं स्कूल में भगवान महावीर स्वामी जयंती पर्व मनाया



संदीप शर्मा

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। श्री शलिग राम जैन पब्लिक सी. सैं स्कूल बहादुर के रोड़ दानामंडी में भगवान महावीर स्वामी का 2621वां जन्म उत्सव, डा. अंबेडकर जयंती व बैसाखी पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूली बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी की महिमा का गुणगान भजनों के माध्यम से किया। इस दौरान कक्षा प्लस टू की छात्रा रीतिका ने भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने के बारे में कहा। कक्षा दसवीं की छात्रा स्नेहा ने डा. बीआर अंबेउकर के जीवन के बारे में बताया। कक्षा आठवी की छात्रा कुलवंत ने बैसाखी क्यों मनाई जाती है पर अपना व्याख्यान दिया। इस दौरान बच्चें भी रंग बिरंगी पौशाकों में बहुत सुंदर लग रहे थे।

## एस एस जैन स्थानक अग्र नगर में मनाई महावीर जयंती



संदीप शर्मा

लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। स्वर्ण संयम आराधिका, तप चंद्रिका, श्रमण गौरव, सरल मना, महासाधवी वीणा महाराज, नवकार आराधिका महासाधवी सुनैया महाराज, प्रवचन भास्कर कोकिल कंठी महासाधवी संचिता महाराज, साध्वी अरणवी महाराज, नवदीक्षिता महासाधवी अर्शिया महाराज, नवदीक्षिता साध्वी आर्यानंदा महाराज ठाणे-6 के सानिध्य में अग्र नगर जैन स्थानक में भगवान महावीर जयंती उत्सव मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष बलविंदर कुमार जैन, महेंद्र पाल जैन ने निभाई। इस अवसर पर आयोजित सभा में साध्वी रत्न संचिता महाराज ने धर्म ध्यान की महता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि माता पिता की सेवा, आज्ञा मानी भाई की, दीक्षा ले गए वनों में, राह पकड़ी कठिनाई की, कटते गए, घाती कर्म-2 हुआ दूर अंधकार। ऐसे विरला रहे 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी, जिनका 2621वां जन्म कल्याणक उत्सव आज मनाया गया।

## यूएसपीसी अस्पताल प्रांगण में इंडोस्कोपी मशीन का शुभारंभ

### अस्पताल प्रांगण में सभी ओपीडी का निशुल्क चैकअप, हास्टिंग आफ प्लैग का लाभ सुधा जैन गोल्ड स्टार प्रा लिमि. परिवार ने लिया



संदीप शर्मा

लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2621 जन्म कल्याणक उत्सव पर यूएसपीसी जैन चेरिटेबल अस्पताल के तत्वाधान में वीरवार को इंडोस्कोपी मशीन का अनावरण, विशाल लंगर का आयोजन सुंदर नगर लक्ष्मी पैलेस में किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष रजनीश कुमार जैन ने की। सर्वप्रथम नवकार मंत्र के उच्चारण से आए गणमान्यों ने भगवान महावीर स्वामी जी को नमन किया गया। इस अवसर पर हास्टिंग आफ प्लैग का लाभ सुधा जैन धर्मपत्नी स्व. सुरेंद्र कुमार जैन, गोल्ड स्टार निटस प्रा. लिमि. ने लिया। इस अवसर पर अस्पताल प्रांगण में नई आधुनिक मशीन इंडोस्कोपी का अनावरण जितेंद्र जैन श्रमण जी यार्न ने अपने कर कमलों से किया। इस दौरान अस्पताल प्रांगण में सभी ओपीडी का निशुल्क चैकअप किया गया। जिसका लाभ जरुरतमंदों ने अधिक से अधिक उठाया। इस दौरान लंगर का उदघाटन जोगिंदर पाल जैन पोरस निटिंग परिवार ने लिया। मंच संचालन की भूमिका संजय जैन ने बाखूबी निभाई। इस अवसर पर रजनीश कुमार जैन, भारत भूषण जैन ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक पर धर्म सहित सामाजिक सेवाओं में अस्पताल प्रांगण पूरी तन, मन से सेवा निभा रहा है।

## सिख पगड़ी दिवस को समर्पित खालसा सिरजना दिवस के दिन बाइक रैली का आयोजन हुआ



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज द्वारा लुधियाना में सिख पगड़ी दिवस को समर्पित खालसा सिरजना दिवस के दिन लुधियाना में बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पाली ने गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में 100 से अधिक युवाओं ने अपनी बाइक के साथ भाग लिया। रैली में हार्ले डेविडसन ओनर्स क्लब और पंजाब एनफील्ड जेनरेशन क्लब ने भी अपनी टीमों के साथ भाग लिया। रैली में भाग लेने वाले कॉलेज के गणमान्य व्यक्तियों में इंद्रजीत सिंह राणा अध्यक्ष, प्रभशरण सिंह प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह दादेहर थे। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा, इस रोड शो के आयोजन का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को पगड़ी बांधने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें सिखी सरूप में वापस लाना है, जिसे हमारे गुरु ने हमें दिया था। हमें लगातार उन तरीकों को खोजने की जरूरत है, जिनमें हम युवाओं से जुड़ सकते हैं और उन्हें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के मूल्यों की शिक्षा दे सकते हैं। आज हमने जो नए कदम उठाए हैं उनमें से एक था। संगठन के बारे में बात करते हुए, प्रबंध निदेशक प्रभाशरण सिंह ने कहा, गुरमत ज्ञान मिशनरी कॉलेज एक 26 साल पुराना संगठन है जो छात्रों को गुरमत शिक्षा प्रदान करने पर काम कर रहा है।

## मानस अस्पताल के खिलाफ मरीज को इलाज के दौरान शराब पिलाने का आरोप



लुधियाना / यूटर्न / 14 अप्रैल। मानस अस्पताल के खिलाफ मरीज को इलाज के दौरान शराब पिलाने का आरोप लगाया गया है जिसके बाद मरीज की मौत हो गई जिसके चलते भड़के परिजनों ने वीरवार सुबह अस्पताल के बाहर धरना लगा नारेबाजी की और स्टाफ पर बनती कार्रवाई करने की मांग की है। हुआ यूं कि न्यू माडल टाउन के रहने वाले एक परिवार ने बेटे को नशा छुड़ाने के लिए इलाज के चलते शनिवार अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल ने यह कहकर कि दस दिन लड़के को इलाज की जरूरत है, के चलते भर्ती करना होगा। मंगलवार शाम इलाज के चलते मरीज लड़के को इंजेक्शन लगाया गया था। इस बीच अस्पताल के स्टाफ ने पैसे के लालच में ही लड़के को शराब लेकर दी और जो उसने पी भी ली। तबीयत बिगड़ने पर लड़का नीला होता गया और परिजन उसे डीएमसी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। इस बीच परिवार ने आरोप लगाया कि पूरे मामले के दौरान अस्पताल प्रबंधन, स्टाफ वहां से भाग गए। पड़ोसी सतीश भाटिया व दूसरे परिजनों ने कहा कि यह कैसा अस्पताल है, जहां मरीज को शराब छुड़ाई जाती है या पिलाई जाती है।



अहिंसा
अहिंसा
अहिंसा के अग्रदूत 24 वें तीर्थकर श्रमण
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
Ripan Jain
Sharman Shawls
PIYUSH KANT JAIN
Former: Additional Advocate General, Punjab
Inder Mohan Jain
C. MOHAN INTERNATIONAL
Bipan Jain
Sharman
JAIN SWEETS
...feel happy...
Vinod Jain
GOYUM SCREW PRESS
INDIA
GOYUM SCREW PRESS
Darshan Lal Baweja
CHAIRMAN LUDHIANA MARKET COMMITTEE
Sanjeev Jain
BLUE MOUNT
Outerwear for inner soul...
JAIN UDHAY GROUP
Subhash Saini
EDFH
Eakta
DYEING & FINISHING HOUSE
Ashok Jain
SHREE MAHAVIR TEXTILE MILLS
Arun Jain
Jain
SHAWLS
Sanjeev Jain
ACROBATICA MILITARE
AMAR SON INTERNATIONAL PVT LTD
Sanjeev Jain
CHAMAN KNIT
An initiative by U-TURN TIME MARKETING TEAM: 99882-20063 | E-mail: hetaishinews@gmail.com

खबर जरा हटके


## रूसी से हैं परेशान तो करें लहसुन का इस्तेमाल

रूसी या डैंड्रफ एक बेहद ही कॉमन हेयर प्रॉब्लम है। लेकिन इसके चलते आपको कई जगह शर्मिन्दगी उठानी पड़ती है। आमतौर पर, ठंड के मौसम में डैंड्रफ की समस्या काफी हद तक बढ़ जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए अधिकतर लोग तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं, जबकि इसका इलाज आपकी किचन में ही छिपा है। लहसुन एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जो डैंड्रफ की समस्या को बेहद आसानी से दूर कर सकता है और आपके बालों को अधिक घना बना सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको लहसुन से डैंड्रफ को दूर करने के आसान उपायों के बारे में बता रहे हैं-



लहसुन में एलिसिन पाया जाता है, जो एक प्राकृतिक एंटिफंगल की तरह काम करता है। यह माइक्रोब्स को खत्म करके रूसी को ठीक करने में मदद करता है। इतना ही नहीं, लहसुन में विटामिन ए और सी सहित सल्फर कंपाउंड, फाइबर, मैग्नीशियम, सेलेनियम, जर्मेनियम और अमीनो एसिड आदि पाया जाता है। साथ ही साथ इसमें आयरन, कॉपर, जिंक, फास्फोरस और कैल्शियम सहित अन्य खनिज भी शामिल हैं। ये पोषक तत्व आपके बालों को हेल्दी बनाने में अपना योगदान देते हैं। शहद और लहसुन दोनों ही एंटीऑक्सीडेंट का स्रोत हैं। यह आपके बालों को नमी प्रदान करने के साथ-साथ रूसी को दूर करने में भी मदद कर सकता है। इस हेयर पैक का इस्तेमाल करने के लिए पहले 4-5 लहसुन की कलियां लें और उसे अच्छी तरह क्रश्ड कर लें। अब इसमें 2 बड़े चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब, इस मिश्रण की मदद से अपने स्कैल्प में 10 मिनट तक मालिश करें। उसके बाद इसे करीबन 20 मिनट तक ऐसे ही रहने दें। अंत में, इसे माइल्ड शैम्पू से धो लें।

आज का विचार




नींबू-टून




साभार

सामाजिक खिड़की से




नागपुर में एक पेट्रोल पंप ने 50 रुपए से नीचे पेट्रोल बेचने किया इनकार

साभार

# एक हजार साल पुराना है भंवरो की देवी जीण माता का मंदिर

हमारे देश में दुर्गा मां को शक्ति की देवी के रूप में पूजा जाता है। दुर्गा मां के कई रूप और अवतार हैं। पूरे भारत में नवरात्रा के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ती है। आस्था से भरे इस देश में माता का स्थान सबसे ऊपर है। राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में सीकर-जयपुर मार्ग पर गोरिया के पास जीणमाता गांव में देवी स्वरूपा जीण माता का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जीण माता का वास्तविक नाम जयन्ती माता है। माता दुर्गा की अवतार है। यह मंदिर शक्ति की देवी को समर्पित है। घने जंगल से घिरा हुआ है यह मंदिर तीन छोटी पहाड़ों के संगम पर स्थित है। जीण माता का यह मन्दिर बहुत प्राचीन शक्ति पीठ है। जीण माता का मंदिर दक्षिण मुखी है। लेकिन मंदिर का प्रवेश द्वार पूर्व में है। मंदिर की दीवारों पर तांत्रिकों व






वाममार्गियों की मूर्तियां लगी है। जिससे यह भी सिद्ध होता है कि उक्त सिद्धांत के मतावलंबियों का इस मंदिर पर कभी अधिकार रहा है या उनकी यह साधना स्थली रही है। मंदिर के देवायतन का द्वार सभा मंडप में पश्चिम की ओर है। यहां जीण भगवती की अष्टभुजी आदमकद मूर्ति प्रतिष्ठापित है। सभा मंडप पहाड़ के नीचे है। मंदिर में ही एक और मंदिर है जिसे गुफा कहा जाता है। जहां जगदेव पंवार का पीतल का सिर और कंकाली माता की मूर्ति है। मंदिर के पश्चिम में महात्मा का तप स्थान है जो धुणा के नाम से प्रसिद्ध है।

लोगों का मानना है कि यह मंदिर लेकिन कई इतिहासकार आठवीं सदी में जीण माता मंदिर का निर्माण काल मानते हैं। मंदिर में अलग-अलग आठ शिलालेख लगे हैं जो मंदिर की प्राचीनतम के सबल प्रमाण है। उपरोक्त शिलालेखों में सबसे पुराना शिलालेख संवत 1029 का है। जिस पर उसमें मंदिर के निर्माण का समय नहीं लिखा गया है। इसलिए यह मंदिर उससे भी अधिक प्राचीन है। चौहान चन्द्रिका नामक पुस्तक में इस मंदिर का 9 वीं शताब्दी से पूर्व के आधार मिलते हैं।

लोक कथाओं के अनुसार जीण माता का जन्म अवतार राजस्थान के चूरू जिले के घांघू गांव के अधिपति एक चौहान वंश के राजा घंघ के घर में हुआ था। जीण माता के बड़े भाई का नाम हर्ष था। माता जीण को शक्ति का अवतार माना गया है और हर्ष को भगवन शिव का अवतार माना गया है। कहते हैं कि दोनों बहन भाइयों में बहुत स्नेह था। लेकिन किसी बात पर दोनों मनमुटाव हो गया। तब जीण माता यहां आकर तपस्या करने लगी। पीछे-पीछे हर्षनाथ भी अपनी लाडली बहन को मनाने के लिए आए।

अंबेडकर जयंती समाज के लिए एक बड़ा संदेश

# भारतीय समाज की दशा-दिशा को बदलने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर थे बहुमुखी प्रतिभा के धनी

### बचपन का नाम भिवा, फिर स्कूल में आंबेडकर उपनाम लिखाया गया था

लुधियाना/यूटर्न/14 अप्रैल। डॉ. अंबेडकर का पूरा नाम भीमराव रामजी आम्बेडकर था। वह 14 अप्रैल, 1891 को पैदा हुए और 6 दिसंबर, 1956 में दुनिया से अलविदा हो गए। वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा के चलते डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय हुए थे। उनको भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक रुप में पहचाना जाता है। उन्होंने दलित बौद्ध आन्दोलन को प्रेरित किया और अछूतों यानि दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि व न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक और भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स, दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियां प्राप्त की थी। साथ ही विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में ये अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे और वकालत भी की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता।

इसके बाद आम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए। साथ ही पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने व दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत करते रहे। भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।



हिन्दू पन्थ में व्याप्त कुरुतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकार सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था। सन 1990 में उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरान्त सम्मानित किया गया था।

14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयन्ती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। डॉक्टर आम्बेडकर की विरासत में लोकप्रिय संस्कृति में कई स्मारक और चित्रण शामिल हैं।आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की १४ वीं व अंतिम संतान थे।उनका परिवार कबीर पंथ को माननेवाला मराठी मूल का था और वो वर्तमान



● डॉ.अंबेडकर की यह शानदार पेंटिंग शौकिया कलाकार सोमबुद्धा सेनगुप्ता ने बनाई है, जो वैस्ट बंगाल में हुगली के रहने वाले हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे गाँव का निवासी था। वे हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी और इस कारण उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। भीमराव आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय से ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत रहे थे। उनके पिता रामजी सकपाल, भारतीय सेना की महू छावनी में सेवारत थे। यहां काम करते हुये वे सूबेदार के पद तक पहुँचे थे। उन्होंने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा प्राप्त की थी। अपनी जाति के कारण बालक भीम को सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा था। विद्यालयी पढ़ाई में सक्षम होने के बावजूद छात्र भीमराव को छुआछूत के कारण अनेक प्रकार की कठनाइयों का सामना करना पड़ता था। 7 नवम्बर, 1900 को रामजी सकपाल ने सातारा की गवर्न्मेण्ट हाइस्कूल में अपने बेटे भीमराव का नाम भिवा रामजी आंबडवेकर दर्ज कराया। उनके बचपन का नाम 'भिवा' था। आम्बेडकर का मूल उपनाम सकपाल की बजाय आंबडवेकर लिखवाया था, जो कि उनके आंबडवे गाँव से संबंधित था। क्योंकि कोकण प्रांत के लोग अपना उपनाम गाँव के नाम से रखते थे। लिहाजा आम्बेडकर के आंबडवे गाँव से आंबडवेकर उपनाम स्कूल में दर्ज करवाया गया। बाद में एक देवरुखे ब्राह्मण शिक्षक कृष्णा केशव आंबेडकर, जो उनसे विशेष स्नेह रखते थे, ने उनके नाम से 'आंबडवेकर' हटाकर अपना सरल 'आंबेडकर' उपनाम जोड़ दिया। तब से आज तक वे आम्बेडकर नाम से जाने जाते हैं। रामजी सकपाल परिवार के साथ बंबई (अब मुंबई) चले आए थे। अप्रैल, 1906 में, जब भीमराव लगभग 15 वर्ष आयु के थे, तो नौ साल की लड़की रमाबाई से उनकी शादी कराई गई थी। तब वे पांचवी अंग्रेजी कक्षा पढ रहे थे। उन दिनों भारत में बाल-विवाह का प्रचलन था।

# जोंटी रोड्स ने छूए सचिन के पैर

पुणे / यूटर्नः आईपीएल 2022 में बुधवार को मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले के बाद काफी रोचक नजारा देखने को मिला। मुंबई को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ एक-दूसरे से हाथ मिला रहे थे। तभी पंजाब के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कुछ ऐसा किया कि स्टेडियम में मौजूद तमाम खिलाड़ी और दर्शक हंसी नहीं रोक पाए। सचिन तेंदुलकर मुंबई टीम के मेंटोर हैं। मैच के बाद वे एक-एक कर पंजाब टीम के सभी सदस्यों से हाथ मिला रहे थे। पंजाब के कोच अनिल कुंबले से उन्होंने थोड़ी देर बात की और इसके बाद जोंटी रोड्स की बारी आई। रोड्स ने सचिन से हाथ मिलाने की जगह उन्हें पैर छूकर प्रणाम करने की कोशिश की। सचिन ने उन्हें तत्काल रोका और फिर दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे से हाथ मिलाकर आगे बढ़े। जोंटी रोड्स लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ में शामिल रहे थे। वे टीम के फील्डिंग कोच थे। 2017 में उन्होंने मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ दिया था। सचिन तेंदुलकर भारतीय क्रिकेट में अब तक की सबसे लोकप्रिय सख्सियत रहे हैं। सचिन की लोकप्रियता ऐसी रही है उन्हें गॉड ऑफ क्रिकेट यानी क्रिकेट का भगवान भी कहा जाता है। इससे पहले 2014 में इंग्लैंड में एमससी बनाम रेस्ट ऑफ वर्ल्ड मुकाबले के दौरान भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला था। तब सचिन एमसीसी की ओर से खेले थे। रेस्ट ऑफ वर्ल्ड टीम से खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह ने ग्राउंड पर ही सचिन को पैर छूकर प्रणाम किया था।



# रोहित के खराब फॉर्म का कोच जयवर्धने ने किया बचाव

## रोहित की बल्लेबाजी से चिंतित नहीं, एक पारी सब बदल देगी

पुणे / यूटर्नः आईपीएल के 15 वें सीजन में मुंबई इंडियंस लगातार 5 मैच हार चुकी है। कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। वह अच्छी शुरुआत के बाद भी बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए हैं। इस सीजन में अब तक खेले 5 मैचों में 21.60 की औसत से सिर्फ 108 रन ही बना पाए हैं। टीम के कोच महेला जयर्वधने ने रोहित शर्मा का बचाव किया है और कहा है कि रोहित के फॉर्म को लेकर मैं चिंतित नहीं हूं। टीम को उनसे केवल एक बड़ी पारी का इंतजार है। उसके बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। जयवर्धने ने कहा, 'रोहित अच्छी शुरुआत कर रहे हैं, जिस तरह से गेंद को हित कर रहे हैं वह शानदार है। उनकी टाइमिंग भी बेहतर है। उन्हें 14-15 ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर करते हुए देखा है। कुछ समय की बात है, बड़ी पारी खेलते ही वह फिर से लय प्राप्त कर लेंगे। मैं उनकी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित नहीं हूं। जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव के बल्लेबाजी की तारीफ की और उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने को टीम की रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि हम मैच में 6 बल्लेबाजों के साथ उतरे थे। सूर्यकुमार में मैच फिनिश करने की क्षमता है। वहीं पावर प्ले में गेंदबाज गेंद को स्विंग कराते हैं, हम सूर्या को उस परिस्थिति में नहीं लाना चाहते थे। वह इस परिस्थिति में अपना नेचुरल गेम नहीं खेल पाते।



# आयशा शर्मा ने शेयर की नहाते हुए तस्वीर



एक्ट्रेस आयशा शर्मा, बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस में से हैं जो भले ही स्क्रीन पर अपना जादू ना चला पाई हों लेकिन फिर भी फैंस के बीच काफी पॉपुलर हैं। आयशा, सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरों से अक्सर सुर्ख़ियों में रहती हैं। हाल ही में आयशा ने अपनी एक बेहद बोल्ड तस्वीर इंस्टाग्राम पाए शेयर की है, जिसे देखकर सोशल मीडिया यूजर्स अणि नज़रें नहीं हटा पा रहे हैं। आयशा शर्मा, अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज़ शेयर करती हैं। लेकिन हाल ही में उन्होंने एक ऐसी तस्वीर शेयर कर दी है, जिसे देखकर उनके फैंस बेकाबू हो थे हैं। दरअसल, आयशा ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है जिसमें वह बाथरूम में शॉवर लेती नजर आ रही हैं। हालांकि, इस तस्वीर में उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा है।

# हिना खान ने बहाया पसीना




हिना खान टीवी जगत की सबसे हॉट और फिट एक्ट्रेसेस में से एक हैं। हिना ने ना केवल छोटे पर्दे पर, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। हिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वे अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज़ और वीडियोज़ शेयर करती रहती हैं। हिना खान अपनी फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। वे अक्सर अपनी वर्कआउट फोटोज़ और वीडियोज़ के जरिए अपने फैन्स को भी इंस्पायर करने की कोशिश करती हैं। हाल ही में हिना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हिना वर्कआउट करती नज़र आ रही हैं। हिना के फैंस को यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है और लोग उनकी डेडिकेशन की तारीफ कर रहे हैं। यह वीडियो हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में हिना एक ऊँची इमारत के अंदर पिलाटे एक्सरसाइज करती नज़र आ रही हैं। इस वीडियो में हिना ने लाइट ग्रीन कलर का कॉर्ड सेट पहना हुआ है।
आपको बता दें कि इन दिनों हिना दुबई में हैं। लेकिन वहां भी एक्ट्रेस वर्कआउट करना नहीं भूलीं। हिना को उनकी यह वीडियो काफी पसंद आ रही है। मीडिया यूजर्स हिना के इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूज़र ने कमेंट किया, एक अन्य यूजर ने लिखा, ?हिना बहुत बता दें कि हिना खान ने टीवी के रिएलिटी शोज़ और बॉलीवुड किया है।

# विद्या बालन ने बरपाया कहर

विद्या बालन आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा को एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। विद्या बालन का नाम बॉलीवुड की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों के साथ लिया जाता है जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिये हिंदी सिनेमा में महिलाओं के चित्रण में बदलाव लाया है। अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए विद्या बालन को एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों के अलावा कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। साल 2014 में अभिनेत्री को पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश अवतार की वजह से भी सुर्खियां बटोरती रहती हैं। आज हम विद्या बालन के इंस्टाग्राम से उनके कुछ स्टाइलिश और हॉट लुक निकालकर लाएं हैं जिन्हें देखकर यकीनन आपके होश उड़ जायेंगे। अभिनेत्री विद्या बालन के इस लुक की बात करें तो उन्होंने ब्लैक कलर का डीप नैक वाला स्ट्रिप टॉप पहना हुआ है। इस टॉप के साथ अभिनेत्री ने ब्लैक कलर की पैंट पहनी हुई है।



खुद बोलती तस्वीर



सुचेत्रा सरकार

आर्टिस्ट नगमा अंसारी, लुधियाना का पेंसिल स्केच...

भड़काऊ भाषण का मामला

# दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, नहीं बोले गए नफरत भरे बोल

नई दिल्ली / यूटर्न: हलफनामे में कहा गया है कि दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम के दौरान किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई विशेष शब्द नहीं कहे गए। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली व हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ एसआईटी जांच और कार्रवाई का निर्देश देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में दायर जवाबी हलफनामे में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में कार्रवाई के लिए उससे कोई संपर्क नहीं किया और सीधे शीर्ष कोर्ट का रुख किया। इस तरह की परंपरा को खत्म किया जाना चाहिए। यह याचिका पत्रकार कुर्बान अली और पटना उच्च न्यायालय की पूर्व जज व वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने दायर की है। इसमें मांग की गई है कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ की गई नफरतभरी बातों की एक विशेष जांच दल गठित कर स्वतंत्र, विश्वसनीय व निष्पक्ष जांच कराई जाए।



### मुस्लिमों के नरसंहार का आह्वान नहीं

दिल्ली पुलिस ने हलफनामे में कहा कि भाषणों में इस तरह के शब्दों का कोई उपयोग नहीं किया गया है, जिनका अर्थ या व्याख्या मुसलमानों के नरसंहार के आह्वान का निकलता हो। दिल्ली में किसी भी समूह, समुदाय, जातीयता, धर्म या आस्था के खिलाफ उक्त कार्यक्रम में कोई नफरत नहीं व्यक्त की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था

इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था। अपने हलफनामे में दिल्ली पुलिस ने कहा है कि पिछले साल 19 दिसंबर को हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नफरत भरे भाषण नहीं दिए गए। इस तरह की कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं और उन सबको मिलाकर एक समग्र जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने कहा कि गहन जांच व कार्यक्रम के वीडियो को देखने के बाद शिकायत में लगाए गए आरोपों की तरह हेट स्पीच के कोई सबूत नहीं मिले। जांच में किसी समुदाय के खिलाफ नफरत भरे भाषण के कोई सबूत नहीं मिले, इसलिए समग्र आकलन के बाद जांच बंद कर दी गई।

दिल्ली के स्कूल में कोरोना ने दी दस्तक

# टीचर और स्टूडेंट की रिपोर्ट पॉजिटिव, अन्य छात्रों को छुट्टी पर भेजा गया



नई दिल्ली / यूटर्न: कोरोना लगातार दिल्ली को दहला रहा है। यहां के एक प्राइवेट स्कूल की टीचर और स्टूडेंट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। रिपोर्ट आने के बाद क्लास के अन्य स्टूडेंट की अगली सूचना तक छुट्टी कर दी गई है। दिल्ली के अलावा NCR के नोएडा और गाजियाबाद से सटे स्कूलों में भी कोरोना के केस सामने आ रहे हैं। बुधवार को दिल्ली में कोरोना के 299 नए केस मिले थे, इससे पहले मंगलवार को 202 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। यानी पिछले दिन से 50 प्रतिशत ज्यादा मामले सामने आए। दिल्ली में अब संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,66,881 हो गई है। आम आदमी पार्टी के विधायक आतिशी ने कहा- टीचर और स्टूडेंट की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद बाकी छात्रों को घर भेजा गया है।

हम हर गतिविधि और स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कोरोना के दो साल के दौर में स्कूलों में ऑफलाइन पढ़ाई हो रही थी। अब स्कूल खुलने के हफ्तों बाद कैंपस से संक्रमण की रिपोर्ट आने से शिक्षा विभाग और पेरेंट्स की चिंता बढ़ा दी गई है। कोविड के कारण स्कूलों के लंबे समय तक बंद रहने से शिक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ा था। जिन परिवारों के पास संसाधन नहीं थे, उनके बच्चे पढ़ नहीं पाए।

# आंध्रप्रदेश में आग से 6 मजदूर जिंदा जले

अमरावती/ यूटर्न: एलुरु के अक्किरेड्डीगुडेम में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। 13 घायल हो गए। हादसा देर रात गैस लीकेज के कारण हुआ। एलुरु एसपी राहुल देव शर्मा के मुताबिक नाइट्रिक एसिड और मोनोमिथाइल के रिसाव से आग लगी। आंध्रप्रदेश के सीएम वायएस जगन मोहन रेड्डी ने मृतकों के परिजन को 25 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 5 लाख और मामूली घायल लोगों को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। घटना पोरस फैक्ट्री में हुई। यह मसुनुर जिले में है। जहां यूनिट नंबर 4 में गैस लीक हुई और पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे में 5 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई। एक ने हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए विजयवाड़ा और नूजीडू रेफर किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि 4 मजदूरों की हालत बेहद नाजुक है। आग की खबर मिलते ही दमकल और NDRF की टीम आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुट गई। मरने वालों में 4 मजदूर बिहार के थे।

# युवक ने 6 लोगों पर चढ़ा दी कार, एक की मौत, 5 गंभीर




मोहनलालगंज। लखनऊ में हिट एंड रन का बड़ा मामला सामने आया है। यहां गोसाईगंज में एक युवक ने भीड़ पर कार चढ़ा दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि 5 की हालत गंभीर है। घटना बुधवार देर रात एक मैरिज हॉल के बाहर की है। वहां लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। गोसाईगंज में बुधवार रात को एक तिलक समारोह था। इसमें शामिल होने आए एक युवक आशीष रावत का वहां पर किसी से झगड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुस्से से आशीष मैरिज हॉल से बाहर चला गया। बमुश्किल 10 मिनट बाद वह वापस मैरिज हॉल पहुंचा। तेज रफ्तार कार से उसने हॉल के बाहर खडे. 7-8 लोगों पर कार चढ़ा दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने अभी तक पुलिस से कोई लिखित शिकायत नही की है। कबीरपुर गांव के लोगों ने बताया कि महेंद्र सिंह का तिलक समारोह था। समारोह में आशीष यादव शामिल होने आया था। इसी कार्यक्रम में आशीष रावत भी बिन बुलाए आया हुआ था। आरोपी आशीष का तिलक समारोह स्थल पर झगड़ा हो गया। मारपीट करने के बाद वह वहां से वैगन आर कार लेकर तेज रफ्तार से भागा। आगे सड़क पर भीड़ थी।

# हथियारों की तस्करी कर रहा तालिबान

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान पर पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने का आरोप लग रहा है। हथियारों का बाजार फल-फूल रहा है और जिन हथियारों की तस्करी की जा रही है, उनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ सीमा पार झड़पों में किया जा सकता है। हालांकि तालिबान लगातार इस बात पर जोर देता आया है कि वो एक बेहतर तालिबान है और हथियार आतंकियों के हाथों तक न पहुंचे, इसके लिए जरूरी कदम उठा रहा है। दरअसल, अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से जाने के बाद अमेरिका के बहुत से हथियार वहीं छूट गए थे। काबुल पर कब्जा करने के बाद अमेरिका के हथियार तालिबान के हाथ लग गए।

ह्यूमन राइट्स पर अमेरिका को भारत ने दिया जवाब, एस जयशंकर बोले-

# भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान ह्यूमन राइट्स का मुद्दा चर्चा का विषय नहीं था



वॉशिंगटन। ह्यूमन राइट्स को लेकर अमेरिका की नसीहत पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान ह्यूमन राइट्स का मुद्दा चर्चा का विषय नहीं था। हालांकि विदेश मंत्री जयशंकर ने जोर देकर कहा कि जब भी कोई चर्चा होगी, नई दिल्ली बोलने में संकोच नहीं करेगी। EAM जयशंकर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि लोग भारत के बारे में विचार रखने के हकदार हैं। उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका सहित अन्य लोगों के ह्यूमन राइट्स की स्थिति पर भी अपने विचार रखते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि लोगों को हमारे बारे में राय बनाने का हक है। हम भी उनकी लॉबी और वोट बैंक के बारे में राय बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में ह्यूमन राइट्स के मुद्दे पर भारत भी चिंतित है। खासकर जब यह हमारे समुदाय से संबंधित है। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मीटिंग के दौरान ह्यूमन राइट्स के मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई, यह अतीत में सामने आया है। एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका सहित अन्य लोगों के ह्यूमन राइट्स की स्थिति पर भी अपने विचार रखते हैं। इसलिए जब हम इस देश में ह्यूमन राइट्स के मुद्दों को उठाते हैं, खासकर जब वे हमारे समुदाय से संबंधित होते हैं। एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिका सहित अन्य लोगों के ह्यूमन राइट्स की स्थिति पर भी अपने विचार रखते हैं। इसलिए जब हम इस देश में ह्यूमन राइट्स के मुद्दों को उठाते हैं, खासकर जब वे हमारे समुदाय से संबंधित होते हैं।

# पाकिस्तान गए सिख की हार्ट अटैक से मौत

अमृतसर / यूटर्न: खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर श्री पंजा साहिब पाकिस्तान गए जत्थे में से एक सिख बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरियाणा के करनाल के घरौंडा निवासी निशाबर सिंह (83) के रूप में हुई है। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद निशाबर सिंह के शव को शाम पाकिस्तान से अटारी सीमा के रास्ते भारत भेज दिया गया। गौरतलब है कि बैसाखी के अवसर पर 12 अप्रैल को ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान के लिए रवाना किया गया था। इस जत्थे में कुल 705 श्रद्धालु शामिल थे, जबकि कुल 900 श्रद्धालुओं का वीजा अप्लाई किया गया था।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma